1 करोड़ बच्चों ने एक साथ देशभक्ति गीत गाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उपस्थिति में सवाई मान सिंह स्टेडियम में प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों के 1 करोड़ बच्चों ने देशभक्ति गीतों का सामूहिक गान कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया।

प्रमुख बिंदु

- आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत राज्य, ज़िला, ब्लॉक व विद्यालय स्तर पर शिक्षा विभाग व कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से 1 करोड़ बच्चों ने एक साथ देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन किया।
- बच्चों ने झंडा ऊँचा रहे हमारा, सारे जहाँ से अच्छा, आओ बच्चों तुम्हे दिखाएँ झाँकी हिंदुस्तान की, हम होंगे कामयाब जैसे देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों के साथ राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' व राष्ट्रगान 'जन गण मन' का भी गायन किया।
- इस अवसर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के उपाध्यक्ष प्रथम भल्ला ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को विश्व रिकॉर्ड का प्रोविजनल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों व समस्त प्रदेशवासियों को समर्पित किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/10-million-children-set-a-world-record-by-singing-patriotic-songs-together